हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, रविवार 28 जनवरी 2024
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


**खबर संक्षेप**

### सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मनाया गणतंत्र दिवस



**सतना।** शनिवार को संस्था महामंत्री अभिषेक जैन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को आगे बढ़ते हुए संस्था अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा ध्वजारोहण संस्था परिषर में किया गया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी को आपस में भाईचारा बना कर रखना



चाहिए। उन वीर शहीदों को हम नमन करते हैं जिन्होंने हमें आजादी दिलाई। इस अवसर पर मनोहर लाल गुप्ता पूर्व अध्यक्ष,संजीव सिंह अरोड़ा, सुनील जायसवाल,विशाल जयसवाल,सुरेंद्र गुप्ता भारतेश ओझा,अमित भावनानी, आदि लोग उपस्थित रहे।

### टीटी नगर टिकुलिया टोला में शान से लहराया तिरंगा

**सतना।** 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर टी टी नगर टिकुरिया टोला में समस्त वार्ड वासियों के साथ मिलकर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड की बच्चियों निशा कुशवाहा,श्रुति सिंह,नैन्सी दाहिया,राखी,पूनम,निधी के द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र दाहिया,धर्मेंद्र सिंह,दशरथ कुशवाहा, बृजेश यादव,श्याम सुंदर जायसवाल,मनोज सोनी एवं वार्ड 45 के समस्त नागरिकों के द्वारा ध्वजारोहण में सहभागिता निभाई।

# 'हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस'

सतना। जिले में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली।मुख्य अतिथि ने खुली सुसज्जित जिप्सी में सवार होकर कलेक्टर अनुराग वर्मा,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं परेड कमांडर देविका सिंह बघेल के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।







इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुक्त आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ गए। मुख्य समारोह में आकर्षक परेड का भी आयोजन हुआ।परेड में विशेष सशस्त्र बल,जिला पुलिस बल पुरूष-1,जिला पुलिस बल पुरुष-2,जिला पुलिस बल महिला,नगर सेना,एकेएस यूनिवर्सिटी सतना,एनएसएस विंग,एनसीसी गर्ल्स एमएलबी स्कूल,एनसीसी बॉयस व्यंकट क्रमांक-1,सेंट माइकल हा.से.स्कूल और शौर्या दल के प्लाटून ने बैण्ड की धुन के साथ 11 टुकड़ियों ने भाग लिया। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों का आयोजन भी हुआ। समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं कारगिल शहीदों के परिजनों और लोकतंत्र सेनानियों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया।

### मैहर में कलेक्टर रानी बाटड ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

मैहर जिले में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय के प्रथम मुख्य समारोह का आयोजन अलाउद्दीन खां स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने खुली सुसज्जित जिप्सी में सवार होकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य एवं परेड कमांडर सूबेदार पूनम रावत के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती बाटड ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुक्त आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़ गए। मुख्य समारोह में आकर्षक परेड का भी आयोजन हुआ। परेड में पुलिस बल सहित 11 टुकड़ियों ने भाग लिया। समारोह में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों का आयोजन भी हुआ।

## 24 घंटे के अंदर पुलिस ने 4 आरोपियों को तार के साथ पकड़ा

### चालू करंट के बीच काटकर ले जाते थे विद्युत तार

**सतना।** सतना की नागौद पुलिस ने बिजली के खंभों से चालू लाइन में तार चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लाखों रुपए का तार भी बरामद हुआ है। गिरोह के 1 सदस्य अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है। मामले में पोंडी चौकी प्रभारी एएसआई अरुण त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों ने बुधवार गुरुवार रात के मध्य पिथौराबाद के सरकारी स्कूल से सतना मार्ग पर बंगला गांव तक लगभग 2 किमी लंबी लाइन चोरी कर ली थी। जिसकी लिखित शिकायत बिजली विभाग के जेई हाकिम सिंह द्वारा पोंडी चौकी में की गई थी इसके बाद से ही तेजी से पड़ताल चालू की गई पता चला कि क्षेत्र में असीम नामक युवक शातिर तार चोर है जिसके खिलाफ पूर्व में कई थानों में मामले दर्ज है पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो सफलता मिली और 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।आरोपियों के गैंग का मुख्य सरगना असीम उर्फ छोटा पटेल पिता रामाधार सिंह पटेल 28 वर्ष निवासी पिथौराबाद,संखू कोल पिता कन्छेदी कोल उम्र 28 वर्ष निवासी अतरवेदिया एवं नन्दू कोल पिता पुरुषोत्तम कोल उम्र 28 निवासी पिथौराबाद,सुमित सेन पिता ओमकार उर्फ छोटकामन सेन उम्र 20 वर्ष निवासी पिथौराबाद शामिल है। वहीं एक आरोपी सतेन्द्र उर्फ सत्तू कुशवाहा निवासी कुन्दहरी फरार हैं। पकड़े गए आरोपियों से 2 लाख 90 हजार रुपए कीमत की बिजली तार भी बरामद की गई है।आरोपियों को नागौद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।24 घंटे के अंदर चोर को पकड़ने में पोंडी चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अरुण त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक पंकज मिश्रा,आर.क्रान्ति मिश्रा,कमलेन्द्र सिंह एवं सैनिक मोतीलाल कोल ने मुख्य भूमिका निभाई है। विश्वनीय सूत्रों की माने गिरोह का मुख्य सरगना असीम आदतन



अपराधी है। जिसके पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके द्वारा पूर्व में पिथौराबाद बेदुआ सागर तालाब फुटहा और कंदहली तालाब के पास के आलावा उचेहरा के रमपुरवा,भरहुत,अमरपाटन के बाबूपुर,रामपुर बाघेलान,कोटर क्षेत्र में भी तार चोरी के मामले भी सामने आ चुके हैं। वहीं विगत कुछ माह पहले उत्तरप्रदेश में गांजा तस्करी में पकड़े जाने पर जमानत पर बाहर था और इस दौरान नया गिरोह बनाकर पुनः तार चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगा।

## बिजली का बकाया बिल वसूली करने के कर्मचारियों के साथ मारपीट, थाने में शिकायत

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली के बिल की वसूली को लेकर तीन कर्मचारियों ने मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है पुलिस से आरोपीयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। शहर संभाग के लाइनमैन आनंद वर्मा ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि पीएनबी बैंक के सामने कृष्णनगर रोड में स्थित दुकान लैप रिपेयर के मालिक धीरज दुबे, बिल्डिन्ग मालिक भूषण खन्ना व उनके 3-4 साथियों के द्वारा बकाया विद्युत बिल वसूली के दौरान मारपीट करने गाली गलौच करने जान से मारने की धमकी दी गई है। उसने बताया कि दोपहर लगभग 2 बजे जब मैं विद्युत कनेक्शन क्रमांक 1903016669 पर रूपये 6818 बकाया होने के कारण संबंधित उपभोक्ता के परिसर पर अन्य कर्मचारियों अनुज सिंह व सतेन्द्र तिवारी के साथ बिल जमा करने हेतु कहने गया था तो परिसर में स्थित दुकान लैप रिपेयर के मालिक द्वारा खुद को धीरज दुबे बताते हुये साथ ही बैठे व्यक्ति द्वारा खुद को बिल्डिन्ग मालिक व वकील भूषण खन्ना बताते हुये मुझे गालियां दी गई। पकड़कर मेरे चेहरे में दो तीन तमाचे मारे गये तो मेरे साथ के कर्मचारियों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उन्हें भी वह दोनों व उनके तीन चार साथियों द्वारा मारा गया। एवं भविष्य में गली में दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जिससे डर कर हम लोग वहां से जान बचाकर भाग आये जिसके कारण अतिआवश्यक विभागीय कार्य नहीं हो पाया व मैं मेरे साथी कर्मचारी डरे हुये हैं। घटना के दौरान मेरे साथ अनुज सिंह व सतेन्द्र तिवारी मौजूद थे उन्होंने पूरी घटना देखी है।

## श्री रावतपुरा सरकार संस्थान चित्रकूट में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सतना।** श्री रावतपुरा सरकार संस्थान श्रृंगारवन चित्रकूट जिला-सतना म.प्र. में 75वें गणतन्त्र दिवस के पावन शुभ अवसर पर संस्थान में संचालित सभी पाठ्यक्रमों के समस्त छात्रों व कर्मचारियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी एवं निदेशक रामपाल सिंह कौरव द्वारा न्यायाधीश की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। एवं मुख्य अतिथि न्यायाधीश सौरभ गोस्वामी व संस्थान के समस्त संकायो के छात्रों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलायी गई।गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि सौरभ गोस्वामी एवं निदेशक द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ गुरुदेव "रावतपुरा सरकार" के चरणों में नमन के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि सौरभ गोस्वामी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।तत्पश्चात प्राचार्य एवं अन्य अध्यापकों को स्वागत करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया एवं छात्रों द्वारा अनेकानेक देश भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें श्री रावतपुरा सरकार संस्कृत उमा विद्यालय के छात्रों द्वारा एवं बीएड डीएलएड,फार्मेसी विभाग के छात्रों द्वारा गणतन्त्र दिवस पर भाषण एवं देशभक्ति गीत आदि का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय द्वारा देश के संविधान के बारे में सभी को जानकारी दी एवं छात्रों को आगे बढ़ने एवं अच्छे कार्य करने हेतु सम्बोधित किया गया।

### समारोहपूर्वक मना एकेएस विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय,सतना में 75 वां गणतंत्र दिवस का गरिमामय कार्यक्रम मुख्य अतिथि कुलाधिपति बी.पी.सोनी के आगमन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम स्थल विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में सजे विशाल मंच के समक्ष मुख्य अतिथि कुलाधिपति ने राष्ट्रीय सेवा योजना,राष्ट्रीय कैडेट कोर और विश्व विद्यालय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों की सलामी ली और मुख्यअतिथि ने बैंड की धुन के साथ राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान सलामी दी। महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ अर्पित किए गए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया फिर सफेद कबूतर और गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़े गए तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ,मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में कहा की 75 वां गणतंत्र दिवस नए उत्साह,उमंग और नए संकल्पों के साथ मनाएं यह नव भोर है सब गणतंत्र दिवस का स्वागत करें और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने सभी को मंच से गणतंत्र दिवस की ढेरों शुभकामनाएं दी।

















































**खबर संक्षेप**

## अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**गुनौर पन्ना:** पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके तारतम्य में पुलिस थाना गुनौर में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम सुरदहा में एक व्यक्ति अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने के लिए चरहा मोड़ के आगे ग्राम सूरदहा तरफ खड़ा हुआ है जिसे पकड़ा जा सकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार थाना प्रभारी गन्नौर के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक श्रीमती मनोरमा मौर्य के द्वारा मुखबिर के बताए हुए स्थान पर दविश दी गई जिसमें आरोपी के कब्जे से एक थैला में भरा हुआ कुल 760 ग्राम गांजा पदार्थ बरामद किया गया है . गांजा बरामद होने उपरांत गांजा के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ की गई एवं धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

**महत्वपूर्ण भूमिका** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशन में थाना प्रभारी गुन्नौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उप निरीक्षक मनोरमा मौर्य , सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार गौतम, आरक्षक रणजीत सिंह दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## माध्यमिक शाला हिरणबाग में हुआ विशेष भोज



**पन्ना।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के शासकीय माध्यमिक शाला हिरणबाग में बच्चों के साथ विशेष भोज किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर प्रमोद अवस्थी सम्मानित



**पन्ना।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया। शासकीय हाईस्कूल कुंजवन के प्राचार्य प्रमोद अवस्थी को भी बेहतर दायित्व निर्वहन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## 8 वर्षीय बालक को पुलिस ने किया दस्तयाब

**पवई।** करही निवासी शिवचरण कुशवाहा का 8 वर्षीय बालक रात्रि में रास्ता भटक जाने से खो गया था, जब बालक घर नही पहुचा तो तत्काल परिजनों ने आस पास खोज बीन करने के साथ इसकी सूचना पवई पुलिस को दी गई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक घंटे में ही लड़के को दस्याब कर परिजनों को सौंप दिया द्य बता दें कि एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी सुधीर बेगी के द्वारा लगातार लोगों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जा रहा है ।

# 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया








### कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

**पन्ना।** देश का 75वां गणतंत्र दिवस समारोह पन्ना जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन पुलिस लाइन ग्राउण्ड पन्ना में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई और हर्ष फायर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने खुली जिप्सी में पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा के साथ परेड का निरीक्षण किया। रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर भी साथ थे। मुख्य अतिथि ने नागरिकों के नाम संबोधित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन कर आकाश में गुब्बारे छोड़े। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने टोली नायकों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी किया गया। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल के बच्चों ने देश भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। अपार उत्साह के साथ बच्चों द्वारा सामूहिक पीटी प्रदर्शन भी किया गया। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शासकीय विभागों की अलग-अलग थीम पर केन्द्रित झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम उपरांत उत्कृष्ट परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। सशस्त्र परेड में एसएएफ 10वीं वाहिनी की टुकड़ी को प्रथम, जिला पुलिस बल की टुकड़ी क्रमांक 01 को द्वितीय और जिला पुलिस बल की टुकड़ी क्रमांक 02 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि गैर शस्त्र परेड में शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना की एनसीसी सीनियर डिवीजन की टुकड़ी को प्रथम, एनसीसी सीनियर डिवीजन महिला की टुकड़ी को द्वितीय और वन विभाग के उत्तर वनमंडल की टुकड़ी को तीसरा स्थान मिला। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में वरिष्ठ वर्ग में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना को प्रथम, लिस्यू आनंद हायर सेकेण्डरी स्कूल पन्ना को द्वितीय और सरस्वती उ.मा. विद्यालय पन्ना को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि जूनियर विंग में जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया को प्रथम, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना को द्वितीय तथा महारानी दुर्गा राजलक्ष्मी स्कूल पन्ना को तृतीय स्थान मिला। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य तथा दायित्वों के बेहतर निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर की धर्मपत्नी डॉ. शैली जोशी सहित नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम अशोक अवस्थी, शासकीय सेवक, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विनय श्रीवास्तव एवं प्रमोद अवस्थी द्वारा किया गया।



## ऑपरेशन स्माइल के तहत निःशुल्क जांच शिविर हुआ आयोजित

**पन्ना।** कटे होंठ या फटे तालू के साथ जन्मे शिशुओं या किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था हेतु समर्थन इंटीग्रेटिड डेवलपमेंट एक्सन समिति तथा उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना के संयुक्त तत्वाधान में इनगा हेल्थ फाउंडेशन के सहयोग से ऑपरेशन स्माइल के तहत निःशुल्क उच्च स्तरीय चिकित्सा शिविर का आयोजन 27 जनवरी 2023 दिन शनिवार को धरम सागर तालाब रोड विद्युत मंडल के बगल में स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिले के समस्त विकासखंडों से कुल 59 मरीज परामर्श हेतु उपस्थित हुए। जिनमे से कुल 14 मरीजों को शल्य चिकित्सा परामर्श हेतु चिन्हित किया गया। जिनका उपचार महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, झांसी में किया जाएगा। उक्त शिविर में मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय,डॉ.एम.के. गुप्ता(नोडल अधिकारी), डॉ. संजीव चौबे(आर.बी.एस.के.), डॉ.संजय गुप्ता(आर.बी.एस.के.),डॉ शुभम मंडल (झांसी), राजेश तिवारी फार्मासिस्ट सीएमएचओ स्टोर, के साथ सुमन मेहदेले(सपोर्ट स्टाफ),सरस्वती सिंगरौल(स्टाफ नर्स),ऊषा रैकवार(ए एन एम), किरण मिश्रा(ए एन एम),रेखा सेन(स्टाफ नर्स) का सहयोग रहा साथ ही ज्ञानेंद्र तिवारी(समर्थन संस्था),लखन लाल शर्मा(समर्थन संस्था), साथ ही सहयोगी संयुक्त टीम में उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना से शेख अंजाम, शुभम शर्मा,बबलू कुशवाहा,तथा लोकेश कुशवाहा कि गरिमामई उपस्थिति रही।

## दो युवकों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत, ग्राम ककरा परिवार में छाया मातम

### जेके कंपनी के खिलाफ क्षेत्र के लोगों में आक्रोश

अमानगंज।





थाना अंतर्गत सिमरिया मार्ग देवरा के पास जेके प्लांट के समीप कल 26 जनवरी को 3.50 के तकरीवन अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अमानगंज थाना क्षेत्र के समीप गांव ककरा के निवासी दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की एवं ग्रामीणों के मुताबिक इस भीषण हादसे को अंजाम जेके सीमेंट कंपनी के वाहन ने दिया है, परिजनों का कहना है कि जेके कंपनी के ट्राला ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी जिसमें हमारे दो नवयुवक लड़के काल कल्पित हो गए। कहावत है कि सांप की बामी के पास अगर किसी व्यक्ति की मौत हो जाये तो दोष सांप को दिया जायेगा किन्तु पीएम होने पर सभी स्थितियां स्पष्ट हो जाती है।

घटना के संबंध में बताया गया है कि रवि करण ढीमर पिता रामाश्रेय ढीमर उम्र 21 निवासी ककरा, नरेंद्र सेन पिता उत्तम सेन उम्र 20 वर्ष निवासी ककरा दोनो बाइक पर सवार होकर अमानगंज से अपने गांव ककरा जा रहे थे जहां देवरा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और दोनों नवयुवक इस भीषण हादसे का शिकार हो गए और दोनों बाइक सवारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस भयानक हाथ से को देख लोग शहम उठे और आक्रोश में आ गए और जीके प्लांट के करीब आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग जुड़कर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्रशासन एवं मौके पर जनता परिजनों के बीच तीखी नोंक-झोंक भी हुई, काफी समझाइश बाद स्थिति काबू में तो हो गई, लेकिन दूसरे दिन यानी 27 तारीख को परिजन एवं क्षेत्रवासी अमानगंज में सुबह-सुबह जुड़ना शुरू हो गए संदेह के तौर पर कंपनी प्रबंधन पर काफी नाराज दिखे, परिजनों का कहना है कि जेके कंपनी के बड़े-बड़े ट्राला आए दिन इसी प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और लोग कालकल्पित हो रहे हैं, जेके कंपनी के वाहन ने इस दुर्घटना को अंजाम दिया है, इसलिए परिजनों ने कहा हमारी मांग है कि अज्ञात वाहन को शीघ्र पकड़ा जाए दोषियों पर कार्यवाही की जाए एवं जेके कंपनी एवं प्रशासन मृतक परिवार को उचित मुआवजा रोजगार दे, दोनों मृतक युवकों साथ इस प्रकार की घटना घट जाने से परिवार में मातम छाया हुआ है दोनों परिवारों को चलाने में दोनों युवकों का बहुत बड़ा महत्वपूर्ण योगदान था अब मृतक परिवार में रोजी-रोटी की भी चिंता देखी जा रही है। लोगों के मुताबिक कंपनी प्रबंधन के लोगों ने पीड़ितों परिवारों से बातचीत की समझाने का प्रयास किया लेकिन कंपनी के खिलाफ लोगों में आक्रोश जमकर दिखा गया। बता दें कि देखने में आ रहा है आए दिन अमानगंज के पास देवरा जेके सीमेंट कंपनी के वाहन नगर से क्षेत्र की सड़कों से इतनी तेजी से निकलते हैं की सकरी सड़कों में लोगों का चलना मुश्किल है, इन बड़े-बड़े ट्रालों से आए दिन इसी प्रकार की घटनाएं हो रही हैं लेकिन शासन प्रशासन बेखबर दिखाई दे रहा है इन हादसों से उन्हें नहीं कोई लेना-देना। लंबे समय से सभी क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं कि कंपनी प्रबंधन को शासन प्रशासन को सड़क का चौड़ीकरण करना चाहिए ताकि इस प्रकार की घटनाएं न घाट सके। पुलिस ने मामले को विवचेना में लिया है जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले उप पंजीयक आर.पी. अहिरवार गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह में किये गये सम्मानित



पन्ना।

पन्ना जिला मुख्यालय मे उप पंजीयक के पद पर पदस्थ आर पी अहिरवार द्वारा शासन का उत्क्रष्ट राजस्व बढाने मे लगातार वर्ष पूर्ण होने के पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया जाता हैं। जिसके चलते उन्हे विभाग तथा जिला मुख्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह मे श्री अहिरवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान उप पंजीयक कार्यालय द्वारा प्राप्त आबंटित लक्ष्य 26 करोड चालीस लाख के लक्ष्य के विरूद्ध 11 जनवरी 2024 को ही उनके द्वारा 27 करोड 25 लाख 76 हजार 870 रूपये राजस्व की प्राप्ती करते हुए पन्ना जिले का नाम प्रदेश मे अव्वल किया है। 4 करोड 81 लाख 62 हजार 895 ई स्टांप तथा संपदा लागिन आईडी 1.5 प्रतिशत राशि 7 लाख 22 हजार 443 रूपये बचत हो कर शासन के खजाने मे प्राप्त हुई है। जो संपूर्ण राशि जिला कोषालय अधिकारी के माध्यम से प्रमाणिकरण किया गया है। इस कार्य के साथ साथ उन्होने विभाग के अन्य अतिरिक्त पदो का प्रभारी रहते हुए भी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 मे लंबी अवधि ड्यूटी के साथ साथ भू अर्जन शाखा मे भी कार्य किया है तथा समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा सौपे गये कार्यो का भी संपदान किया है। उसके बावजूद यह लक्ष्य हासिल करके उत्क्रष्ट कार्य किया है। श्री अहिरवार ने इसके पूर्व ही वर्ष 2020, 2021, 2022 तथा 2023 के दौरान न्यायालय के प्रकरणो मे भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया है। जिसके लिए तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा द्वारा प्रंससा पत्र देकर सम्मानित किया गया था। श्री अहिरवार के द्वारा लगातार शासन के लक्ष्य को अधिक से अधिक आंगे बढाने मे की गई मेहनत को देखते हुए विभाग तथा प्रशासन द्वारा सम्मानित किये जाने पर जिले के जन प्रतिनिधी, अधिकारी, कर्मचारीयो, पत्रकारो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## गरिमामयी तरीके से मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस




**पवई।** पूरा देश आज अपना 75 वा गणतंत्र दिवस मना रहा है, देश भर में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं देश भक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए द्य पवई नगर में भी हर्षोल्लास व गरिमामयी तरीके से गणतंत्र दिवस मनाया गया,सबसे पहले तहसील कार्यालय,न्यायालय परिसर,जनपद पंचायत अरण्य भवन,एसडीओपी कार्यालय के साथ नगर के समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया,इसके बाद छात्रों की प्रभात फेरी नगर परिषद परिसर पहुंची जहां नगर के प्रथम नागरिक एवं नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत द्वारा किया गया,तत्पश्चात सभी विद्यालयों के विद्यार्थी एवं जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी और गणमान्य नागरिक सामूहिक कार्यक्रम स्थल महाराजा छत्रसाल मैदान पहुंचे जहां जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया,इसके साथ ही प्रदेश के नाम मुख्यमंत्री जी का संदेश वचन मध्य प्रदेश गायन और एनसीसी कैडेट रेड क्रॉस, स्काउट गाइड की सलामी ली गई, जिसके बाद विभिन्न विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए,कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण भी हुआ जिसमें जूनियर वर्ग के लिए नॉलेज किंग्डम इंग्लिश मीडियम विद्यालय को प्रथम स्थान,श्री सत्य साई एवं ईशानी पब्लिक को द्वितीय स्थान एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ वहीं सीनियर वर्ग में सी एम राइस विद्यालय को प्रथम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को दूसरा एवं शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

# धूमधाम से मना 75वां गणतंत्र दिवस

### नगर के परेड ग्राउंड पर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नगर परिषद अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

अमानगंज।





नगर अमानगंज में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कई शासकीय कार्यालयों व सामाजिक स्थानों पर सुबह तिरंगा फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन कर राष्ट्रगान के साथ एक-दूसरे को बधाई दी व मिठाई बांटी गई। नगर परिषद अमानगंज में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक उपाध्यक्ष, सौरभ दुबे व पार्षदों, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नगर परिषद अध्यक्ष ने झंडा वंदन किया। और राष्ट्रीय ध्वज फहराया तदोपरांत हर साल की तरह इस साल भी नगर अमानगंज के खेल ग्राउंड पर समस्त शासकीय कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी शासकीय अर्ध शासकीय विद्यालयों के बच्चों की मौजूदगी में नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा झंडा वंदन किया। एवं भारत माता का महात्मा गांधी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए तिरंगे को फहराया। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन नगर परिषद ने किया।जहा प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए।समारोह में तिरंगे के प्रतीक के रूप वाले गुब्बारे और शांति के दूत सफेद कबूतर आकाश में छोड़े गए। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर किए गए नाट रूपांतरण को देखकर लोग मोहित रहे। जहां बच्चों ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की एवं प्राकृतिक छटा को दर्शाया तो जीवन में उपयोगी आने वाली वस्तुओं की भी व देश के प्रति धरोहर के रूप में मौजूद कला को भी बच्चों ने प्रदर्शन किया।

## एसकेएन धाम स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, श्री प्राणनाथ ट्रस्ट ने छात्र-छात्राओं को स्वेटर किए वितरित



**पन्ना।** 75वां गणतंत्र दिवस समारोह पन्ना के एसकेएन धाम स्कूल में हर्षोल्लास व गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अमरेश शर्मा (गोपाल) व सचिन अभय शर्मा ने सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान उपस्थित स्कूल के प्रधान अध्यापिका भावना शर्मा, शिक्षक मुनी पांडे, मीना शर्मा, बलराम व छात्र-छात्राओं के अलावा मंदिर ट्रस्ट के उप प्रबंधक आशीष शर्मा, यज्ञ राज शर्मा द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। गरिमा पूर्ण समारोह में श्री प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट की तरफ से छात्र-छात्राओं को गरम स्वेटर का वितरण किया गया साथ ही साथ बच्चों को मिठाई वितरित की गई। मालूम हो कि इस विद्यालय में अधिकांश गरीब परिवार के बच्चे अध्ययन करते हैं। जिन बच्चों की मदद के लिए ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं पिछले वर्ष 15 अगस्त के दिन स्कूल बैग का वितरण किया गया था।

## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने वाले को 5 साल की सजा

**छतरपुर।** वर्ष 2022 में जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम पीरा में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया था। उक्त प्रकरण के आरोपी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला ने धारा 326 के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

**डेड़ वर्ष पुराने मामले में न्यायाधीश ने सुनाया फैसला**

एडवोकेट वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि 17 सितंबर 2022 को पीरा निवासी सुदू उर्फ सुदन रैकवार के ऊपर गांव के ही जुगल रैकवार ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था। उक्त मामले में बमीठा थाना में आरोपी जुगल रैकवार के विरुद्ध धारा 294, 341, 307, 506 भाग-दो भा.द.वि.के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस के ने आरोपी को घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार किया और इसके बाद मामला जिला सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला के न्यायालय में आया। शासकीय अधिवक्ता दिनेश तिवारी ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने का तर्क रखा, जिससे सहमत होकर न्यायाधीश ने आरोपी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को 6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा।

**राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया**



# 75वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गरिमा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया

**छतरपुर।** जिले में 75वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का समारोह राष्ट्रीय गरिमा एवं तिरंगे के सम्मान के लिये पूरे जज्बे, उल्लास, जीवटता एवं उमंग की भावना के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए परेड की सलामी ली। तत्पश्चात स्टेडियम प्रांगण जन गण मन अधिनायक जय हो...से गूंज उठा। राज्यमंत्री श्री अहिरवार ने खुली जीप वीआईपी वाहन में सवार होकर कलेक्टर संदीप जी.आर. एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के साथ परेड का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्य अतिथि ने लोगों को शुभकामनाएं देकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जनता के नाम संदेश वाचन कर संबोधित किया। संदेश वाचन के पश्चात परेड कमाण्डरों द्वारा हर्ष फायर एवं गरिमापूर्ण मार्च-पास्ट की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने परेड में शामिल टुकडियों के कमाण्डरों का परिचय प्राप्त करते हुये उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना की और नील गगन में हर्ष एवं उल्लास के



प्रतीक तिरंगे गुब्बारे उड़ाए।परेड में 29वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड, एनसीसी सीनियर एवं जूनियर पुरूष-महिला डिवीजन, स्काउट गाइड और शौर्य दल की टुकडियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। परेड का नेतृत्व आरआई पुलिस लाइन पूर्णिमा मिश्रा द्वारा किया गया। साथ परेड में शामिल बैंडदल का नेतृत्व मोहन लाल बरार द्वारा किया गया।

# मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के मकान पर प्रशासन ने चलाया बुल्डोजर

**गौरिहार/सरबई।** थाना इलाके में गत दिनों एक 5 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाली घटना सामने आई थी। आरोपी को दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। शनिवार को राजस्व अमले और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में आरोपी का घर जमीजोद कर दिया गया।



गांव में जैसे ही बुल्डोजर दाखिल हुआ लोगों के बीच सन्नाटा पसर गया। प्रशासनिक अमले ने करीब 4 बजे आरोपी के मकान पर बुल्डोजर चलवाया और देखते ही देखते मकान ढेर कर दिया गया। 23 जनवरी को करीब शाम 4 बजे खेतों में आरोपी 22 वर्षीय युवक ने घटना को उस समय अंजाम दिया था जब मासूम और उसका भाई खेतों में अकेले थे और भाई चिडिया उड़ाने थोड़ी दूर चला गया था। इस मौके पर नायब तहसीलदार शारदा प्रसास सोनी थाना प्रभारी गजेंद्र धाकड़ सहित पुलिस व अन्य राजस्व अमला मौजूद रहा।

### राज्यमंत्री, डीएम ने उत्कृष्ट कार्य के लिये सोशल मीडिया हैंडलर सोनू शिवहरे को किया सम्मानित



**छतरपुर।** स्टेडियम प्रांगण में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय छतरपुर के सोशल मीडिया हैंडलर सोनू शिवहरे को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मुख्यातिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, कलेक्टर संदीप जी.आर., एसपी अमित सांघी द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साथ इनके द्वारा सोशल मीडिया के शासकीय प्लेटफॉर्म के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन एवम शासन प्रशासन की योजनाओं जानकारियों एवम समाचारों को आमजन तक पहुंचाने में किए गए कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शाला धुरारा में बच्चों को प्रसाद में मिले कीडे, डीपीसी से हुई शिकायत



**सरबई।** जनपद शिक्षा केन्द्र गौरिहार के शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल नाहरपुर के अर्न्तगत माध्यमिक शाला धुरारा में शिक्षको की बड़ी लापरवाही सामने देखने को मिली है।

माध्यमिक शाला धुरारा में गणतंत्र दिवस को स्कूल में बच्चो को बाटे गये प्रसाद में कीडे पाये गये। प्रसाद में कीडे देखकर बच्चे प्रसाद को बगैर खाये छोड़कर चले गये। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में माध्यमिक शाला धुरारा में बच्चो को लाई, बुदी मिलवाकर बटवाई गई। जिसमें लाई और बुदी में कीडे थे। जिसके बाद कुछ बच्चो ने खाया तो उसमें कीडे देखे गये। प्रसाद में कीडे मिलने के बाद अभिभावक और बच्चे स्कूल पहुच गये और इसकी जानकारी उपस्थित स्टाफ को दी, लेकिन स्टाफ द्वारा पाई कहकर वहॉ से भगा दिया गया।बच्चो और अभिभावको ने इसका बिरोध किया कि प्रसाद बटने से पहले स्कूल प्रभारी को देखना चाहिये। अभिभावको का कहना है कि ये कीडे युक्त प्रसाद खाने से बच्चे बीमार भी हो सकते थे। यह स्कूल के शिक्षको की बड़ी लापरवाही है। अभिभावको और बच्चो में जमकर रोश भी है।

**इनका कहना है -**

मामले की जानकारी आपसे मिली है, मिष्ठान वितरण समूह की जिम्मेदारी रहती है। इस संबंध में जॉच करवाते है जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कार्यवाही करेगे।

**अरुण शंकर पाण्ड़ेय**
**डीपीसी, छतरपुर**

**आरोपियों ने पीड़ित के नाजुक अंग में प्रहार कर दिया था घटना को अंजाम**

# पुलिस ने हत्या के प्रयास के दोनों आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** जिले के थाना गौरिहार में विगत दिवस 25 जनवरी को फरियादी उम्र 24 साल निवासी ग्राम पहरा द्वारा रिपोर्ट की गई कि उसका भाई रात्रि में करीब 3:30 बजे घर से पड़वार हार वाले खेत पर पानी लगाने गया था सुबह 5 बजे लौटकर आया तो देखा कि उसका लोअर खून से लथपथ है। भाई द्वारा बताया गया कि खेत से जब वह घर लौट रहा था तभी ग्राम ईश्वरीपुरा के पास आरोपी के घर के पास पहुंचा, दोनों आरोपियों निवासी ईश्वरीपुरा द्वारा रास्ता रोककर पकड़कर घर के अंदर ले गए। एक आरोपी ने मुझे पकड़ लिया व दूसरे आरोपी ने धारदार हसिया से शरीर के नाजुक अंग पर हमला कर दिया, पीड़ित को उपचार हेतु नजदीकी चिकित्सालय पहुंचाया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों की खोजबीन प्रारंभ कर दी गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी गौरिहार निरीक्षक गजेंद्र सिंह धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के संभावित स्थानों में दबिश दी गई। हत्या के प्रयास की घटना कारित कर भाग रहे दोनों आरोपियों को सक्रिय मुखबिर तंत्र की सूचना पर बारीगढ़ रोड ग्राम बलरामपुर पुल के पास से 24 घंटे के अंदर हिरासत में लिया गया। विवेचना में आरोपी उम्र 39 साल एवं आरोपी उम्र 50 साल निवासी ग्राम ईश्वरीपुरा द्वारा पुरानी बुराई पर से हुए झगड़े पर अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के पास से खून लगा हुआ धारदार हथियार हसिया जप्त किया गया। दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### पानी में तैरती मिली युवक की लाश

लवकुशनगर। पुलिस अनुविभाग के हिनौता थाना क्षेत्र अंतर्गत निकली केन नदी में एक युवक की पानी में डूबने से मौत का मामला सामने आया है।मृतक नत्थू केवट पिता कृपाल केवट ग्राम मढ़ईयन के भाई जग प्रसाद केवट ने बताया कि दोपहर के समय उसका भाई नहाने के लिए केन नदी गया था तभी उसको मिर्गी का दौरा आ गया और वह पानी में गिर पड़ा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने जब शव को पानी में तैरता हुआ देखा तो पूरे मामले की जानकारी हिनौता पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पदस्थ डॉक्टर द्वारा शव का पीएम करने के बाद शव परिजनों के

### सिंचाई कॉलोनी में बनेगा दिव्यांग पार्क

**छतरपुर।** शहर की सिंचाई कॉलोनी में कलेक्टर की पहल पर दिव्यांगजनों के लिए एक पार्क का निर्माण किया जाना है जिसकी कवायद शुरु हो चुकी है। शनिवार को पार्क के लिए चिन्हित की गई शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा की गई है। छतरपुर एसडीएम बलबीर रमण ने बताया कि शहर की सिंचाई कॉलोनी की 5 एकड़ शासकीय जमीन पर दिव्यांग पार्क और लाईब्रेरी का निर्माण किया जाना है उस पर तीन लोगों द्वारा अतिक्रमण कर भवन का निर्माण किया गया है। पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर स्वतः अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया गया था लेकिन जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन को सख्ती से अतिक्रमण हटवाना



**अतिक्रमणकारियों के मकानों पर चला बुल्डोजर**

पड़ा। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान दो मकानों को धराशायी किया गया है, जबकि शेष एक मकान खाली न हो पाने के कारण अगले एक से दो दिनों के भीतर गिराया जाएगा। इसके अलावा इसी जमीन पर सिंचाई विभाग के जो जर्जर क्वार्टर बने हैं उन्हें भी गिराया जाना है। एसडीएम के मुताबिक संबंधित जमीन पर दिव्यांग पार्क और लाईब्रेरी का निर्माण किया जाना है। यह कार्यवाही पीडब्ल्यूडी, पीआईयू और डब्ल्यूआरडी विभाग की सहमति से की गई है। कार्यवाही के दौरान एसडीएम बलवीर रमण के अलावा तहसीलदार रंजना यादव और राजस्व तथा नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

### सुमति अकादमी में मना 75वां गणतंत्र दिवस

**छतरपुर।** शहर के सुमति अकादमी विद्यालय में 75वॉ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल 8:00 बजे प्राचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान गाया गया जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थी व शिक्षकगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात सरस्वती मां का पूजन, वंदन किया गया। इसके अलावा बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए प्राचार्य महोदय द्वारा अपने भाषण में विद्यार्थियो को आज के दिन को शहीदो के बलिदान से प्राप्त होने वाली स्वंतत्रता को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए देश के प्रति हमारे कर्तव्य और संविधान द्वारा मिले अधिकारों के बारे में बताया। शहर के पुलिस लाइन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने प्यारा प्यारा वतन हमारा देश की शान तिरंगा गाने पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जहां माननीय राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार जी के द्वारा विद्यालय के चेयरमेन श्री सोमिल अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल, प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा एवं समस्त प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया देश का 75वां गणतन्त्र दिवस



**सिंगरौली।** विंध्याचल के अंबेडकर स्टेडियम में 75वां गणतन्त्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक विंध्याचल श्री ई सत्य फणि कुमार ने तिरंगे झंडे को फहरा कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि महोदय ने परेड का निरीक्षण किया तथा परेड की सलामी ली। इसके पश्चात कार्यकारी निदेशक विंध्याचल श्री ई सत्य फणि कुमार ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी को 75वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। अपने उद्बोधन में श्री फणि कुमार ने कहा कि सर्वप्रथम हमारे संविधान निर्माता एवं उन सभी विभूतियों को नमन करता हूँ जिनके प्रयासों से हमारे देश को विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान प्राप्त हुआ और यह 26 जनवरीए 1950 को सम्पूर्ण राष्ट्र मेँ लागू हुआ। श्री फणि कुमार नें कहा कि आधुनिक मशीन युग मेँ विकास और विद्युत एक.दूसरे के पूरक हैं। बिना विद्युतए आधुनिककाल में किसी भी प्रकार के विकास की परिकल्पना करना असंभव है। उन्होनें कहा कि एनटीपीसी.विंध्याचल विगत 41 वर्षों से अपने निरंतर विद्युत उत्पादन के माध्यम से क्षेत्र एवं राष्ट्र के स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। हमें गर्व है कि एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना ने वित्त वर्ष में विद्युत का उत्पादन किया है। साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना ने वित्त वर्ष 2023.24 में अब तक का सबसे अधिक हाइड्रो उत्पादन प्रबंधन किया हैं। इसके साथ ही सीएसआर विभाग एवं महिलाओं द्वारा संचालित स्वयंसेवी संस्था श्सुहासिनी संघश द्वारा परियोजना के भू.विस्थापित एवं आस.पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आर्थिकए सामाजिक एवं सामुदायिक विकास के लिए वर्षभर अनेक प्रकार के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता हैए जो प्रशंसनीय है। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी विंध्याचल को विभिन्न अवार्ड से सम्मानित किया गया । इस दौरान कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ने अधिकारी एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसी लगन और टीम वर्क के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। तदोपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा नैगम





सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान 2018 की 10वीं मे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बालिकाओं को साइकल का वितरण किया गया।अंबेडकर स्टेडियम मे आयोजित गणतन्त्र दिवस समारोह के दौरान परियोजना के डी पी एसए डी.पॉलए सरस्वती शिशु मंदिरए सरकारी स्कूल सहित बाल भवन के विद्यालयीन छात्र.छात्राओं ने देश की एकता और अखंडता से ओत.प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दींए साथ ही सभी स्कूलों के बच्चों द्वारा देशभक्तिए नारी सशक्तिकरण व अन्य विषय पर आधारित झाँकियाँ प्रस्तुत कीए जिसे मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान विंध्याचल परियोजना के 77 अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा और समर्पण के लिए कार्यकारी निदेशक विंध्याचल श्री ई सत्य फणि कुमारए महाप्रबंधक;प्रचालन एवं अनुरक्षणद्ध श्री राजेश भारद्वाज एवं अन्य अतिथियों द्वारा एचओपी मेरिटोरियस अवार्ड से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त 13 बेस्ट टर्न आउट अवार्ड 1 बेस्ट स्पोर्ट्समैन ऑफ द इयर अवार्ड डीपीएसए डी.पॉलए एसएसएम एवं शासकीय स्कूलों के 8 बच्चों को बेस्ट एथलेटिक अवार्डए सीआईएसएफ के 17 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण श्री राजेश भारद्वाज सभी महाप्रबंधकगण अपर महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्ष अनुभागाध्यक्ष उपाध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सुभा भारद्वाज एवं सुहासिनी संघ की पदाधिकारीगण कमांडेंट सीआईएसएफ श्री पंकज बलियान डिप्टी कमांडेंट श्री शिव कुमारए सीआईएसएफ के अन्य अधिकारीगण यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारीगण विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक.शिक्षिकाएँ, कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ.साथ भारी संख्या में जन.समूह भी मौजूद रहा। अंत में कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय में मरीजों को फल का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त 75वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक;प्रचालन एवं अनुरक्षण श्री राजेश भारद्वाज द्वारा सर्विस बिल्डिंग में अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। साथ ही सुहासिनी संघ की उपाध्यक्षा श्रीमती सुभा भारद्वाज ने सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बाल भवन एवं टाइनि टोट्स में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही विंध्य चिकित्सालयए विंध्या क्लबए वीवा क्लबए एवं यूनियन व एसोसिएशन के कार्यालयों मे भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तिरंगा फहराया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी प्राचार्य को निलंबित किया गया

**मऊगंज** । जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी के अंतर्गत आने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर प्रभारी प्राचार्य लल्लू प्रसाद साकेत द्वारा कक्षा 9वी एवं11वी कीवार्षिकपरिक्षा2021-22 मे परिक्षा परिणाम एवं प्रवेश मे की गई अनियमितता की जांच विकासखंड शिक्षा अधिकारी नईगढ़ी से कराई गई थी। शिकायत सही पाई गई। जिसके आधार पर सयुंक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी हनुमाना जिला मऊगंज नियत किया गया है

### गार्गी पब्लिक स्कूल मे मनाया गणतंत्र दिवस

**रीवा**। जिले सेमारिया रोड में शार्किंग गार्डन के आगे डीपीएस मोड में स्थित गार्गी पब्लिक स्कूल मे बड़े ही हर्षोल्लाह रंगारंग कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि अनूप श्रीवास्तव रहे ! स्कूल की प्राचार्य श्रीमती माला श्रीवास्तव ने भारत की आन बान शान तिरंगे का ध्वजारोहण कर सलामी दी इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया इसके बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति एवं भारत की लोकतांत्रिक भावना से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी इस दौरान मंच का संचालन स्कूल की अध्यापिका पूजा तिवारी ने किया प्राथमिक विभाग के नन्हे मुन्ने कलाकारों ने यातायात नए नियमों को लेकर एक मनमोहक प्रस्तुति दी वही पांचवी विभाग के छात्रों ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों को भावविभोर कर दिया देशभक्ति गाने में सुंदर नृत्य ने सभी की वह वाही लूटी छात्राओं ने अपने भाषण में भारत की सौर शक्ति पराक्रम समृद्धि विरासत और भारत के आधुनिक उपलब्धि पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला वही मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया भारतीय संविधान की विशेषताओं नियम और कर्तव्य देश के सभी एक समान व्यवस्था प्रदान करता है यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को मिष्ठान फल एवं स्नेक्स वितरित किया गया ! इस महापर्व के अवसर पर सभी शिक्षक व शिक्षिका सहित अभिभावक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे !

### कलेक्ट्रेट में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**रीवा**। गणतंत्र दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सब सदैव आमजनता के कल्याण के लिए कार्य करें हर अधिकारी और कर्मचारी सौंपे गये दायित्व का ठीक से निर्वहन करके राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। आमजनता को वांछित सेवाएँ तय समय सीमा में देकर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस पर जेल से रिहा हुए 14 बंदी

**रीवा** । गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य शासन से सजा में छूट का लाभ पाकर आजीवन कारावास के 14 बंदी जेल से रिहा कर दिए गए।

### मूक बधिर विद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

**रीवा** । लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एस.जी.एम.एच. के पूर्व अधीक्षक डॉ. सी.बी. शुक्ला, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. के. के. परौहा, समाजसेवी प्रेम बजाज, मुरली नागपाल एवं जी.पी. विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी







### गणतंत्र दिवस में आन-बान शान से लहराया तिरंगा

रीवा

जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत हर्ष, उल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में आन बान शान से तिरंगा लहराया। मुख्य समारोह एस.ए. एफ. मैदान रीवा में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायतों, जनपद पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया।

समारोह में आकषर्क परेड प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षु आईपीएस ओमप्रकाश के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, एनसीसी, जेल, एसएएफ, स्काउट गाइड, सैनिक स्कूल के दल तथा नगर सेना ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने रंग बिरंगे गुब्बारे आकाश की अनंत ऊचांईयों को छूने के लिए मुक्त किये। उन्होंने परेड कमांडरों व प्लाटून कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों को उनके पास जाकर शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके बाद विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन करके मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया। समारोह में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, सेक्रेट हार्ट स्कूल तथा गीतांजलि पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनोहारी नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। इनके माध्यम से जिले और प्रदेश में विकास के कार्यों, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत, सेना के शौर्य और ऐतिहासिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया। समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा नए कानूनों के संबंध में चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई।

#### झांकी:-

समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग की झांकी में आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वरोजगार से आत्मनिर्भर होती महिलाएं दिखाई गरइं। नगर निगम की झांकी में स्वच्छता अभियान तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को दिखाया गया। उद्योग विभाग की झांकी में युवाओं को स्टार्टअप से स्वरोजगार के अवसर तथा महिला एवं बाल विकास की झांकी में दत्तक शिशु योजना को प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की झांकी में आयुष्मान कार्ड एवं रक्तदान शिविर तथा पीएचई विभाग की झांकी में जलजीवन मिशन से स्वच्छ जल आपूर्ति को दर्शाया गया। पशुपालन विभाग की झांकी में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार तथा पशु एंबुलेंस को दिखाया गया। वन विभाग की झांकी में वनोपज संग्रहण, जटायु योजना तथा अनुभूति कार्यक्रम को दर्शाया गया। जेल विभाग की आकर्षक झांकी में प्रभु श्रीराम का शबरी से बेर खाना, चन्द्रयान और गौशाला को दर्शाया गया। उद्यानिकी विभाग की झांकी में संरक्षित खेती, ट्राईबल विभाग की झांकी में प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा शिक्षा विभाग की झांकी में स्किल इंडिया एवं स्मार्ट क्लास को प्रदर्शित किया गया। कृषि विभाग की झांकी में प्राकृतिक खेती, श्री अन्न उत्पादन एवं ड्रोन को प्रदर्शित किया गया।

#### पुरस्कार वितरण:-

गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल तथा सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। परेड में प्रथम स्थान विशेष सशस्त्र बल नवीं वाहनी, दूसरा स्थान जिला पुलिस बल महिला तथा तीसरा स्थान केन्द्रीय जेल को प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में प्रथम स्थान सीनियर एनसीसी मॉडल साइंस दल को प्राप्त हुआ। इसमें दूसरा स्थान सीनियर ब्वायज टीआरएस कालेज तथा तीसरा स्थान सीनियर गर्ल्स एनसीसी दल टीआरएस कालेज को प्राप्त हुआ। समारोह में परेड में शामिल स्काउट गाइड को प्रथम, सावी इंटरनेशनल स्कूल को द्वितीय तथा गाइड दल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। परेड में शामिल सैनिक स्कूल के दल में नौसेना को प्रथम, कन्या विंग को द्वितीय तथा थल सेना दल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में प्रदर्शित झांकियों में प्रथम स्थान केन्द्रीय जेल रीवा को प्राप्त हुआ। दूसरा स्थान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा तीसरा स्थान पशुपालन विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ।

गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहला स्थान सेक्रेट हार्ट स्कूल को प्राप्त हुआ। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में तीसरी स्थान गीतांजलि पब्लिक स्कूल रीवा को प्राप्त हुआ। समारोह में निर्वाचन कार्य, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पूर्व विधायक डॉ पंचूलाल प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के.पी. व्यंकटेश्वर राव, डीआईजी मिथिलेश शुक्ला, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीम्मती संस्कृति जैन, जिला पंचायत रीवा के सीईओ डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकारगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।





## सावी मदर के छात्रों को मिला जिला स्तरीय परेड प्रतियोगिता में दूसरा स्थान

**रीवा**। आजाद नगर स्थित सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया विद्यालय के संस्थापक डॉ सुजय सिंह जी एवं मुख्य अतिथि यू.एस. पटेल ( रिटायर्ड - सूबेदार मेजर ) विशिष्ट अतिथि दिलीप सोनी ( रिटायर्ड - सुबेदार ) कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ( रिटायर्ड - सुबेदार ), शतानंद पाण्डेय, ज्ञानेन्द पटेल , ब्यूरो चीफ नव स्वदेश रीवा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आई एफ डब्लू जे - अजय सिंह उपस्थित रहे । कार्यक्रम में 15 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल , सर्टिफिकेट एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा अमन द्विवेदी को ब्रांच पोस्ट मास्टर बनने पर पुष्प गुच्छ एवं पद चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया वही एस. एफ. ग्राउड मे हुई परेड में जिला स्तरीय दूसरे स्थान मे आने वाले सभी छात्रो को सर्टिफिकेट देकर विद्यालय प्रशासन ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम मे विद्यालय के सभी बच्चों ने पी. टी., परेड , आसन, ड्रामा, देशभक्ति गीत एवं भारत के विभिन्न राज्यो के नृत्य को प्रस्तुत कर मनोरंजन बढ़ाया ।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक- 2, में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

**रीवा** । आजादी के अमृत काल में 75वें गणतंत्र दिवस का आयोजन केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -2, में हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार पांडेय साक्षी रहे ।मुख्य अतिथि द्वारा भारत की आन बान शान तिरंगे का ध्वजारोहण ,सलामी एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति एवं भारत की लोकतांत्रिक भावना से ओतप्रोत विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्राथमिक विभाग के नन्हे मुन्ने कलाकारों ने जहां समूह नृत्य के द्वारा सभी दर्शकों को भावविभोर किया वहीं बुलबुल नृत्य ने सभी की वह वाही लूटी ।श्वेता ,पावनी,एवं भार्गवी छात्राओं ने अपने भाषण में भारत की शौर्य ,शक्ति, पराक्रम,समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भारत की आधुनिक उपलब्धि पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला और देश के महान वीर सपूतों, संविधान की मूल भावना नमन किया।ज्ञात हो कि समस्त कार्यक्रम नारी शक्ति थीम के आलोक में छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया।

## अग्रवाल समाज रीवा ने शतायु पूर्ण ललितादेवी अग्रवाल का किया सम्मान

रीवा !



अग्रवाल समाज भवन फ़ोर्ट रोड रीवा में अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड.सुनील अग्रवाल जी द्वारा 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण किया गया।तत्पश्चात जन-गण-मन राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, गणतंत्र दिवस अमर रहे के गंगनभेदी नारे लगाए गए। सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यापर्ण,पुष्प गुच्छ देकर अभिवादन किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेला में मंचासीन अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड. सुनील अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल अग्रवाल,मोहनलाल अग्रवाल, प्रबंध समिति सदस्या नम्रता अग्रवाल, महिला मंडल उपाध्यक्षा साधना अग्रवाल, रामनाम बैंक प्रभारी आर.जी.अग्रवाल, नवयुवक मंडल मंत्री एड.मनोज अग्रवाल, अग्रवाल समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल द्वारा अग्रवाल समाज के बच्चों की प्रस्तुति पर सम्मानित किया गया।साथ ही समाज की 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी श्रीमती ललितादेवी अग्रवाल जी का सम्मान किया गया।लोकसेवा आयोग की वर्ष 2019 की परीक्षा में सफलतापूर्वक नायाब तहसीलदार के पद पर चयनित श्रीमती आँचल अग्रवाल एवं सुश्री अग्रशी गोयल को समाज की तरफ़ से मोमेंटो श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।अग्रवाल समाज में रामनाम की अलख जगाने वाले रामनाम पुस्तिका का वितरण कार्य करके पुण्य कर्म करने वाले आर.जी.अग्रवाल जी को भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2023-24 में अग्रवाल समाज रीवा में आजीवन सदस्य बनने पर सदस्यों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।मंच संचालन का कार्य एड.नूतन अग्रवाल जी और स्वल्पाहार की व्यवस्था संचालन एड.कैलाशचंद्र अग्रवाल ने किया।गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश अग्रवाल पप्पू एड.संतोष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, शिव अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, जयंती अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, अभिलाष अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, रसना अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, राधा अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल दादू, अग्रवाल समाज के सभी बुजुर्ग,महिलाएं, बच्चे उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

### कलेक्टर मऊगंज ने किया ध्वजारोहण

मऊगंज ।







नवगठित जिले का प्रथम गणतंत्र दिवस समारोह जिले भर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिले भर में गणतंत्र दिवस की धूम रही। जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। नवगठित जिले के प्रथम गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली, इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह के साथ जिले के सभी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में भी ध्वजारोहण किया गया। सभी नगर पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत में समारोह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। समारोह में आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई, परेड कमांडर सूबेदार अमित विश्वकर्मा के नेतृत्व में विभिन्न दलों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की।परेड में एसएएफ, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जिला पुलिस बल महिला, सीनियर एनसीसी, जूनियर एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, रेड क्रॉस एवं एनएसएस के दल शामिल रहे। परेड के बाद मुख्य अतिथि ने सभी परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर नारियों को शाल-श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। समारोह में विभिन्न छह स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आकर्षक झांकियां के माध्यम से विभागीय योजनाओं तथा उपलब्धियां को प्रदर्शित किया गया। *पुरस्कार वितरण* गणतंत्र दिवस समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया ।सशस्त्र परेड में प्रथम स्थान जिला महिला पुलिस बल दूसरा स्थान विशेष सशस्त्र बल तथा तीसरा स्थान जिला पुलिस बल को प्राप्त हुआ। बिना शास्त्र के परेड में एनसीसी दल को प्रथम रेडक्रॉस दल को दूसरा तथा स्काउट एवं गाइड दल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शासन की योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में जीवन ज्योति स्कूल नईगढ़ी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, संस्कृतिक कार्यक्रम में संस्कार वैली स्कूल मऊगंज को दूसरा तथा सीएम राइज स्कूल मऊगंज को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। झांकियां में महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रथम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को दूसरा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ समारोह में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीलम सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक एमएल चौरसिया, अपर कलेक्टर अशोक ओहरी, डिप्टी कलेक्टर रश्मिचतुर्वेदी, एसडीएम बीके पांडे, जनप्रतिनिधि गण, पत्रकारगण और बडी संख्या मेआमजन उपस्थित रहे।



## धान खरीदी केंद्र का कलेक्टर मऊगंज ने किया निरीक्षण

### खरीदी केंद्र में मिली भारी अनियमितता, धान का स्टॉक कम मिला, कार्यवाही का दिये निर्देश

मऊगंज ।

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव 24 जनवरी को जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र हटवा का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कलेक्टर द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई ,वही संबंधी खरीदी केंद्र के प्रभारी द्वारा नियम विरुद्ध घटिया स्तर की धान खरीदी गई। खरीदी का काम पूर्ण हो जाने के बाद भी खरीदी केंद्र में धान की बोरियां यहां वहां बिखरी पाई गई। वहीं जांच उपरांत 1000 बोरी यानी 400 कुंटल धान कम पाई गई। धान खरीदी का स्टॉक कम पाए जाने पर कलेक्टर मऊगंज श्रीवास्तव द्वारा जांच टीम गठित कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि इससे पूर्व भी संबंधी धान खरीदी केंद्र की शिकायतें हुई थी, जिस पर कलेक्टर मऊगंज श्रीवास्तव के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच की गई थी ।जांच दौरान खरीदी केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई थी, जिसको लेकर 24 जनवरी को कलेक्टर मऊगंज श्रीवास्तव द्वारा खरीदी केंद्र पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। और भारी अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा संबंधी जनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसडीएम मऊगंज बीके पांडे एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## दून पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

### स्कूल के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति, लगाया देशभक्ति नारा

**रीवा**। गणतंत्र दिवस देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था जिससे पूरे देश के स्कूलों में तिरंगा शान से फहराया जाता है रीवा जिले के गुलाब नगर सामान में स्थित दून पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के वातावरण में गणतंत्र दिवस मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के संचालक सत्येन्द्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के शुभारंभ का आगाज किया गया उसके बाद छात्राओं ने देशभक्ति एवं भारत के लोकतांत्रिक भावना से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी नन्हे मुन्ने कलाकारों ने भारत के संविधान को लेकर एक मनमोहक प्रस्तुति दी आठवीं



विभाग की छात्रा ने देशभक्ति के गीतों की एक सुंदर प्रस्तुति ने उपस्थित

अभिभावकों को भावविभोर कर दिया छात्र-छात्राओं ने अपने भाषण में भारत की सौर शक्ति पराक्रम समृद्धि विरासत और भारत की आधुनिक उपलब्धि पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला वही स्कूल के संचालक सत्येंद्र सिंह ने छात्र छात्राओं को संविधान का महत्व समझाया उन्होंने बताया कि एक संविधान वास्तव में मौलिक सिद्धांतों और कानूनों के एक समूह के रूप में कार्य करता है, जो किसी देश के कामकाज को निर्देशित करता है। भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसमें 448 अनुच्छेद शामिल हैं। डॉ बीआर अम्बेडकर ने इस दस्तावेज को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी और इसे पूरा करने में 2 साल, 11 महीने और 18 दिन लगे थे। यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक व अध्यापिका सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।